1538(E)
26/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सीवान के अन्तर्गत Construction of Approach Road from Bridge on Ghaghra River at Village Chandpur (Ballia) to Newari, Gabhirar (Siwan) (Chhapra-Manjhi-Darauli-Guthni Road) (Length-2.60 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–08.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3689 दिनांक–10.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–3789(अनु०) दिनांक–17.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–17.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–64(E)We दिनांक–05.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–267(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा समर्पित वाँछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Approach Road from Bridge on Ghaghra River at Village Chandpur (Ballia) to Newari, Gabhirar (Siwan) (Chhapra-Manjhi-Darauli-Guthni Road) (Length-2.60 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सीवान। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5296.32 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–939(एस०) दिनांक–05.02.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4521.57 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–557(अनु०) दिनांक–25.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹3808.62352 लाख। |

केन्द्रीकृत निर्गत
पंजीयन सं०.......
दिनांक–.......

2.7 कार्य समाप्ति की अवधि : 15 (Fifteen) Months

2.8 निविदा की प्रक्रिया : ई–टेंडरिंग (SBD)

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 04.10.2025

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) A M Infratech
(2) Aditya Enterprises
(3) Alok Kumar
(4) M/s Ujjain Engicon India Private Limited
(5) Narsingh Singh

4. उपभागीय ज्ञापांक–3689 दिनांक–10.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में चार निविदाकार यथा (1) Aditya Enterprises (2) Alok Kumar (3) M/s Ujjain Engicon India Private Limited एवं (4) Narsingh Singh को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार A M Infratech को SBD के ITB-Cl. 4.5(A)(b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3689 दिनांक–10.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Aditya Enterprises के पत्रांक–Aditya/2025-26/RCD TEN/44R दिनांक–11.12.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकारों यथा (1) Alok Kumar एवं (2) Narsingh Singh के विरूद्ध एवं निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा A M Infratech के पत्रांक–AMI/HO/139 दिनांक–10.12.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3789(अनु०) दिनांक–17.12.2025 द्वारा परिवाद पर दिनांक–17.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Aditya Enterprises के पत्रांक–Aditya/2025-26/RCD TEN/44R दिनांक–11.12.2025 एवं A M Infratech के पत्रांक–AMI/HO/139 दिनांक–10.12.2025 द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत परिवाद दिया गया है।

परिवाद :–

| परिवाद | | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | M/s Aditya Enterprises से प्राप्त परिवाद :– पथ निर्माण विभाग, पटना बिहार के वेबपोर्टल के माध्यम से प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड के मूल्यांकन की कार्यवाही से ज्ञात हुआ कि पाँच निविदाकारों में से चार निविदाकार इस बीड में निविदा मूल्यांकन समिति के द्वारा सफल घोषित किये गए है एवं शेष एक निविदाकार को असफल घोषित किया गया है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों में से दो निविदाकार जो ALOK KUMAR एवं NARSINGH SINGH निविदा के शर्तों को पूर्ण नहीं करते है जो निम्नवत है :– | |
| | (क) उक्त निविदा में आलोक कुमार द्वारा संलग्न किया गया Work Program SBD के नियम के अनुसार नहीं है एवं इनके द्वारा अपलोड किये गए वर्क प्रोग्राम से यह स्पष्ट नहीं होता है की उक्त निविदा कार्य में यह क्या क्या कार्य करेंगे एवं कब करेंगे जबकि निविदा के नियमानुसार वर्क प्रोग्राम में कार्य विवरणी एवं विभिन्न कार्य जो की निविदा कार्य को पूर्ण करने में जरूरत है को समाप्त करने की अवधि दर्शाना अनिवार्य है जो की इनके द्वारा नहीं बताया गया है इसलिए आलोक कुमार इस निविदा में तकनीकी रूप से सफल होने के योग्य नहीं है। | (क) विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 एवं SBD के ITB Cl.- 4-3 (l) के आलोक में निविदाकार से Programme of Construction माँग की जाती है। इस निविदा में Alok Kumar द्वारा Bar Chart के रूप में Programme of Construction संलग्न किया गया है। अतः ये SBD के ITB Clause 4.3 (l) की अर्हत्ता पूर्ण करते है।<br>परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (ख) विदित हो की नरसिंह सिंह को पथ निर्माण विभाग, बिहार के द्वारा पूर्व के निविदा में गलत तथ्य देने के कारण बलैकलिस्ट करने का नोटिस दिया गया है परन्तु इनके द्वारा अभी तक इस नोटिस के जवाब में कोई रिप्लाई भी नहीं किया गया है जो यह स्पष्ट करता है कि नरसिंह सिंह एक गैर जिम्मेदार प्रतिष्ठान है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान रखते हुए यह | (ख) वर्त्तमान में निविदाकार Narsingh Singh के Debar/Black Listed होने की सूचना नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | स्पष्ट है कि नरसिंह सिंह के उपर पथ निर्माण विभाग के द्वारा BLACKLISTING की कार्रवाई की सुनवाई हो रही है एवं दूसरे ओर इनके द्वारा पथ निर्माण विभाग का ही निविदा में भाग लिया जा रहा है, जो कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है, इसलिए Narsingh Singh इस निविदा में सफल होने के योग्य नहीं है।<br>अतः श्रीमान से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों पर विचार करते हुए हमारा परिवाद स्वीकार करने कि कृपा प्रदान करेगे, जिससे हमें उचित न्याय मिल सके। | |
| | A M Inftratech से प्राप्त परिवाद :–<br>With reference to above tender, we have received Technical Evaluation Report vide mail (cercdnb@gmail.com), dated 10.12.2025 at 2:51 PM, wherein our bid has been declared Non-Responsive/Rejected on the following ground; Experience of similar Nature of work certificate was not attached with bid as per ITB Cl. 4.5 A (b)<br>In this regard, we respectfully submit that this observation is incorrect. We had submitted/uploaded a single pdf file (having name "Similar Work Certificate") consisting of 3 pages. At page No. 1 of 3 there is experience certificate for the completed work valued: Rs 23.67 Crore titled "Improvement of Riding Quality work of Chiniya-Ranpura-Khuthuwa More Road (Total Length- 32.925 Km.) issued by Executive Engineer, RCD Road Division, Garwha. The same file is attached as Annexure-1 with this letter/mail for your ready reference.<br>Furthermore, kindly refer point no. 3 page No 7 of 8 (attached as Annexure-2) bid submission data wherein it was confirmed that | निविदित कार्य ग्रीन फिल्ड से होकर पुल के पहुँच पथ का निर्माण कार्य है। A M Infratech द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा के पत्रांक–504 दिनांक–08.03.2025 द्वारा निर्गत "Improvement of Riding Quality work of Chiniya-Ranpura-Khuthuwa More Road (Total Length-32.925 Km.) under Road Division, Garhwa" कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। यह कार्य IRQP कार्य है, जिसमें Sub Base/Base कार्य (GSB/WMM) सम्मिलित नहीं है। अतः यह कार्य निविदित कार्य के समरूप नहीं है। फलस्वरूप A M Infratech द्वारा संपादित उक्त IRQP कार्य इस निविदा में SBD के ITB Cl.- 4.5 A (b) के तहत् Similar nature of work के रूप में मान्य नहीं है। SBD के ITB Cl.- 4.5 A (b) के आलोक में इस अनुभव प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त दूसरा कोई भी Similar Nature work का अनुभव प्रमाण–पत्र इन्होंने निविदा में संलग्न नहीं किया है। |

| | | |
|---|---|---|
| | file "Similar Work Certificate" was attached with bid.<br>Additionally, as per SBD, ITB clause no: 4.5 (A) (b) bidder shall satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated Subcontractor, where the subcontract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied at least one similar work of value not less than amount indicated in Appendix (usually not less than 10% (Ten percent) of estimated value of contract).<br>From the prescribed above tender document clause, does not have specific and clear definition of "Similar nature of work", thus Road works is a similar nature of works. Furthermore, we are also qualified in having year wise required experience of main items of works as per Tender Conditions of the works.<br>In view of the above, we are hereby requesting your immediate kind intervention to reconsider the disqualification and allow our bid to be evaluated on its technical and financial merits. Otherwise, we will be left with no other option but to proceed with available option of legal relief from the law of land. | अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

**निष्कर्षः–** तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार Aditya Enterprises के पत्रांक–Aditya/2025-26/RCD TEN/44R दिनांक–11.12.2025 द्वारा एवं A M Infratech के पत्रांक–AMI/HO/139 दिनांक–10.12.2025 द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–3689 दिनांक–10.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय को यथावत् रखने हेतु अनुशंसा की जाती है।

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

7.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3789(अनु०) दिनांक–17.12.2025 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–17.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–64(E)We दिनांक–05.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–267(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा समर्पित वाँछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैं:–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Aditya Enterprises** के पत्रांक–**Aditya/2025-26/RCD TEN/44R** दिनांक–11.12.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकारों यथा **(1) Alok Kumar** एवं **(2) Narsingh Singh** के विरूद्ध दिए गए परिवाद एवं निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **A M Infratech** के पत्रांक–**AMI/HO/139** दिनांक–10.12.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3689 दिनांक–10.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–246/2025 1538 (E) पटना, दिनांक 26/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।